# विज्ञान समिति, उदयपुर

# मासिक रिपोर्ट

नियमित मासिक प्रकाशन का सोलहवां वर्ष

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69


Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org


अंक 193 | स्वैच्छिक सेवा का 59 वां वर्ष | अप्रेल 2018


## विज्ञान लोकप्रियकरण

●**लोकविज्ञान प्रकाशन :** अप्रेल अंक के लेख 'आनुवंशिकता की कहानी–5, हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली, नवीन प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान का रोचक ज्ञान।

● **एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम :**

**आदर्श ग्राम विकास - देवाली :**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार **डॉ के एल कोठारी, डॉ जी एस आमेटा** तथा **मुनीश गोयल** देवाली ग्राम के चारभुजा मंदिर में 19 अप्रेल को बैठक की। उसमें अनुमान के मुकाबले उपस्थिति काफी कम रही। **सर्वश्री भंवर सिंह, दौलत सिंह, अभय सिंह, घीसू मेघवाल, फतह सिंह, इन्दर सिंह व विक्रम सिंह** आदि उपस्थित रहे। महिलाओं में **दुर्गा कंवर, पूरण कंवर, गीता सेन, विनिता सेन, भगवती वैष्णव एवं प्रेम कुंवर** उपस्थित थी। यह बैठक खरीफ में बोये जाने वाली फसलों के बीजों व फल पौधों आदि की आवश्यकता एकत्र करने के लिये की गई थी। पपीता के पौधों में **श्री भँवरसिंह** (100 पौधे), **श्री दौलत सिंह** (50 पौधे), **श्री फतह सिंह** (20 पौधे) में रुचि बतलाई। इसके अतिरिक्त नींबू के 50 पौधे **श्री अभयसिंह** तथा 100 पौधे **श्री इन्दरसिंह** ने क्रय करना चाहा। **श्री अभयसिंह** ने 1 कि.ग्रा. अरण्डी बीज तथा तथा भँवरसिंह ने 5 किग्रा ग्वार व 1 किग्रा अरण्डी बीज लेने की बात कही। अन्य खाद्यान्नों आदि पर सहमति न होने के कारण प्रोफार्मा **श्री भंवरसिंह** को सौंप दिया एवं उनसे अपेक्षा की गई कि वे उसे एकत्र कर शीघ्र प्रेषित कर दें जिससे उसकी व्यवस्था की जा सके। पशु चिकित्सा शिविर व मेडीकल शिविर के बारे में यह बतलाया गया कि शादी के तिथियों को छोड़कर अन्य दिन इसे मई–जून में सम्पन्न किया जा सकता है। इस वर्ष गेहूं की पैदावार अपेक्षा के अनुरुप नहीं हो पाई क्योंकि ठण्ड कम पड़ी। जो गेहूं का बीज IFCCO के माध्यम से उपलब्ध कराया गया था उसकी पैदावार भी ठीक नहीं हुई। डॉ कोठारी ने ग्रामवासियों से चर्चा करने पर विज्ञान समिति की ओर से एक बुकलेट निकालने को कहा है जिसमें रोजमर्रा की कृषि समस्याओं के समाधान बतलाया जावेगा। चकबन्दी तथा मृदा परीक्षण कार्ड बनाने की भी आवश्यकता बताई। दुर्गा कँवर की वर्मी कम्पोस्ट की यूनिट देखी तथा उसकी सभी ने सराहना की। रास्ते में **श्री घीसू मेघवाल** का खेत भी देखा जिसकी काफी सराहना की एवं डॉ आमेटा ने सुधार हेतु कुछ सुझाव भी दिये।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ –** बैठक ग्रुप 10 अप्रेल को लीडर मेघा दावड़ा के मंगलाचरण से प्रारम्भ हुई। प्रशिक्षिका **श्रीमती निर्मला सोनी** ने कॉफी, क्रीम सोड़ा, रसीला आईस, ब्लू नाईल, आईस टी, मोहि आदि का लाईव डेमोन्सट्रेशन दिया। सभी सदस्याओं ने मॉकटेल्स को बहुत पसंद किया व ध्यान से रेसिपी लिखी। सांस्कृतिक मंत्री **श्रीमती विजयलक्ष्मी** ने जुलाई में माउण्ट आबू टूर का प्रस्ताव रखा। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में 60 सदस्याएं उपस्थित थीं।

●**वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ –** बैठक 20 अप्रेल में मुख्य वार्ताकार न्यूरो फिजियोथेरेपिस्ट **श्रीमान् कर्ण सिंह** ने न्यूरोफिजियोथेरेपी से संबंधित उपयोगी वार्ता दी और संबंधित थेरेपी–व्यायामों का ज्ञानवर्द्धक प्रदर्शन भी किया। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने स्वागत किया। **डॉ कला मुणोत** ने वार्ताकार का परिचय दिया एवं **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने आभार व्यक्त किया। **डॉ के एल कोठारी** (संस्थापक–विज्ञान समिति) ने उदयपुर नगर से संबंधित, इसके भूत, भविष्य और वर्तमान की विशेषताओं को समाहित करने वाली स्वरचित कविता से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विज्ञान समिति के अनेक वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित रहे।

**श्रीमती पारूल सुराना** ने प्रकोष्ठ–सदस्याओं को हाउजी खेलायी। **श्रीमती शिवा तलेसरा** ने पुरानी फिल्मी गानों और फिल्म–नामों पर आधारित खेल खिलाया जिसमें उपस्थित समुदाय ने उत्साह के साथ भाग लिया।

●**ग्रामीण महिला चेतना शिविर –** 30 अप्रेल को ग्रामीण महिला समूह चेतना शिविर में 13 महिलाएं टूस डांगियान की उपस्थित थीं। प्रार्थना के बाद परिचय के साथ बैठक शुरु की गई।


सम्प्रेरक : डॉ. के.बी. शर्मा, अध्यक्ष; डॉ. के.पी. तलेसरा, कार्यकारी अध्यक्ष; रमेश चन्द्र भटनागर, महासचिव
समन्वयक : डॉ. के.एल. कोठारी सम्पादक : श्री प्रकाश तातेड़

**डॉ के एल. कोठारी** ने जीवन पच्चीसी के बिन्दु पर चर्चा करते हुये रक्त दान, पढ़ाई और डायन प्रथा पर चर्चा की। पानी पीने की सही विधि पर भी जानकारी दी।

**डॉ. प्राची भटनागर** ने पोषक तत्वों के आधार पर विस्तार से चर्चा की कि किस समय कौन सा भोजन खाना चाहिए। **श्रीमती रेणु भण्डारी** ने लहर के बिन्दुओं पर चर्चा करते हुये लहर वितरण किया तथा सभी का स्वागत भी किया। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने समिति के माह के कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा की समृद्धि कोष से ऋण देने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी। कुछ महिलाओं ने अपनी समस्यायें बताई। उन्हें सुना और निवारण करने की कोशिश की। सिलाई प्रशिक्षण की जानकारी दी।

● **विशिष्ट सहयोग – श्रीमती लक्ष्मी लौहार** के बच्चों की सत्र 2017–18 की 5 माह की फीस समिति द्वारा जमा करवायी जिसकी जानकारी मार्च में दी जा चुकी है। **रवि लौहार** कक्षा–1 की सत्र 18–19 की 10 माह की फीस(₹9,900) का चैक ज्योति स्कूल को दिया गया। **श्रीमती लक्ष्मी लौहार** को इस माह भी भोज्य सामग्री भेजी गई(**श्री बी एल पोखरना** द्वारा)। इसके अलावा **श्रीमती पुष्पा कोठारी** द्वारा 1200 रु. की पुस्तकें बच्चों को विज्ञान समिति के माध्यम से दिलवायी गयी।

●**महिला समृद्धि कोष :** इस कोष से चंदेसरा की दो महिलाओं **श्रीमती कमला जोशी**(चौथी बार) तथा **श्रीमती टीली बाई** को पांच–पांच हजार का ऋण दिया गया।

## सिलाई प्रशिक्षण

चंदेसरा में महावीर इंटरनेशनल के सौजन्य से सिलाई प्रशिक्षण का समापन समारोह 9 अप्रेल को आयोजित हुआ। जिसमें विज्ञान समिति से **डॉ. के.एल. कोठारी, डॉ. बी.एल. चावत, प्रो. विभा भटनागर, श्रीमती मंजुला शर्मा, श्री कैलाश** तथा महावीर इंटरनेशनल से अध्यक्ष **इंजी. बी.एल. खमेसरा, सचिव श्री किशनसिंह भण्डारी** उपस्थित








थे। 25 महिलाओं के लिए यह प्रशिक्षण 30 कार्य दिवस तक आयोजित हुआ। प्रशिक्षार्थी महिलाओं ने सिले हुए कपड़ों का जजमेन्ट किया गया और प्रथम तीन को पारितोषिक दिए गए। प्रशिक्षक **श्रीमती भावना भीमावत** का कार्य सराहनीय रहा। इस प्रशिक्षण के दौरान गृहविज्ञान महाविद्यालय की **डॉ. लतिका** भी गई और कई सारी नई बातें सिखाई।

## स्वास्थ्य सेवाएं

●**निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हो रहे हैं। अप्रेल माह में 8 शिविर आयोजित हुए जिसमें 123 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। सभी उपचारकों का प्रशंसनीय योगदान रहा। आभार।

● **श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में **58वां शिविर** दिनांक 15 अप्रेल 2018 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल. जैन** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ, **डॉ. ए.के. बापना** वरिष्ठ फिजिशियन **डॉ. अनुराग तलेसरा** वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ**, डॉ. भानु प्रकाश वर्मा,** ईएनटी विशेषज्ञ, **डॉ. निवेदिता पटनायक एवं डॉ. नेहा व्यास** होम्यपेथी विशेषज्ञ, **दर्शन डेंटल कॉलेज** की **सुश्री रीतू रन्डाड, सुश्री**

**हिमानी** एवं दंत चिकित्सकीय टीम। एक्यूप्रेशर टीम में **श्री एल.एन. शर्मा, श्री ललित पोरवाल** ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं प्रदान की। इनके साथ ही मधुमेह परीक्षण की टीम ने भी अपना योगदान प्रदान किया। इनके अतिरिक्त टेक्निशियन्स– **श्री उमंग, श्री दिनेश कुमार, श्री प्रेम, श्री देवीलाल** ने भी अपनी सेवाएं दी। सभी के प्रति आभार।

शिविर में कुल 27 नागरिकों का (20 सामान्य, 21 हृदय रोग, 20 मधुमेह, 2 ईएनटी, 1 दंत रोग, 3 होम्योपेथी, 03 अस्थिरोग कुल –74 रोगियों का) विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 04 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। शिविर में **डॉ. के.एल. कोठारी, श्री राजेन्द्र खोखावत, डॉ. के.पी. तलेसरा, डॉ. एल.एल. धाकड़, डॉ. बी.एल. चावत, श्री राजेन्द्र खोखावत** ने अपनी सेवाएं प्रदान की। आगामी **59 वां शिविर 20 मई 2018** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

इस प्रकोष्ठ की बैठक **14 अप्रैल 2018 को आयोजित हुई जिसमें नियतिवाद और कर्मवाद पर डॉ. पी सी कण्ठालिया** ने वार्ता प्रस्तुत की। जिस पर सदन में अच्छी चर्चा हुई। यह तय किया गया कि यह एक महत्वपूर्ण विषय है जिस पर आगामी बैठक में भी वार्ता रखी जाए।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

● प्रबुद्ध चिन्तन प्रकोष्ठ की बैठक 6 मई 2018 के विशेष कार्यक्रम के साथ रखी गई।

## केलवा प्रोजेक्ट

● श्रद्धा का मार्च अंक प्रकाशित एवं वितरित हुआ। 250 पुस्तकें पुस्तकालय में जुड़ी।

## अन्य कार्यक्रम

● वित्तीय वर्ष 2017–18 का विधिवत अकाउंट्स लिखने तथा बेलैंस शीट तैयार कराने का कार्य **श्री आशीष सेन** को दिया।

● राष्ट्रीय प्रौद्यागिकी दिवस 2018 के सम्बन्ध में 23 अप्रैल को चर्चा बैठक हुई। जिसमें **डॉ के बी शर्मा, श्री रवीन्द्र भटनागर, श्री आर के चतुर, डॉ. के पी तलेसरा, डॉ रणजीत चौधरी, डॉ एल एल धाकड़, डॉ पी एम अग्रवाल, डॉ महीप भटनागर, इंजी अरुण कोठारी, श्री आर सी भटनागर, डॉ. के एल कोठारी, डॉ. प्राची भटनागर** ने भाग लिया। मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता, डॉ डी एस कोठारी एक्सीलैण्ट अवार्ड के लिये चयन, सहयोगी संस्थाएँ एवं कार्यक्रम पर चर्चाएं हुईं।

● डॉ. डी.एस. कोठारी सभागार के नवीनीकरण का कार्य **श्री राजेन्द्र बया** के सौजन्य से **प्रो. एल एल धाकड़** के नेतृत्व में **श्री आर. के खोखावत** के सहयोग से चलता रहा।

## सदस्यों सम्बन्धी

● हमारे सदस्य **डॉ. जैनेन्द्र दोशी** व उनके परिवार और मित्रगण 17 अप्रेल 2018 से 25 अप्रेल 2018 तक श्रीलंका की भ्रमण यात्रा की। यात्रा के पहले दिन उदयपुर से अहमदाबाद होते हुए ग्रुप निगम्बो (यात्रा का पहला पड़ाव) पहुंचा। यात्रा के दूसरे दिन पिन्ना वाले हाथियों के विशाल स्थल पर पहुंच कर हस्तशिल्प का संग्रह देखते हुए केन्डी पहुंचे। यात्रा के तीसरे दिन प्रसिद्ध बोटोनिकल गार्डन देखने गये। यहाँ टी म्यूजियम एवं हनुमान जी का सुन्दर मन्दिर देखा। यात्रा के पाँचवे दिन इंडियनओसन की छवि को निहारा। इसी दौरान पानी के जहाज में भ्रमण करते हुए विशालकाय व्हेल मछली का अवलोकन भी किया। वहाँ बाग–बगीचे, बुद्धा की भव्य, सुन्दर मूर्तियाँ अन्य आकर्षण के केन्द्र थे। चारों ओर हरियाली व पानी ही पानी दिखाई दे रहा था। नारियल और चाय के बागान भी आकर्षण के केन्द्र थे। यात्रा अन्यन्त सुखद रही।

● हमारे संरक्षक सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष **श्रीमान् गणेश जी डागलिया** के सुपौत्र **श्री सुनील** के पुत्र **चि. आकाश** का विवाह **सुश्री प्रेक्षा** के साथ 18 अप्रेल को अहमदाबाद में सम्पन्न हुआ। डागलिया परिवार को हार्दिक बधाई।

## आर्थिक सहयोग (मार्च एवं अप्रेल में प्राप्त)

**छात्रवृति –**

श्रीमती कंचन देवी गुप्ता 2,000/–, डॉ. अनुराग तलेसरा 5,000/–, प्रो. विभा भटनागर 51,000/– (कोरपस), मिसाल सेवा संस्थान 5,000/–, श्री बी एस मेहता 5,000/–, श्रीमती स्नेहलता मित्तल – 5000/–, श्रीमान् बी एल पोखरना 5000/–, डॉ बी एल चावत – 5000/–

**वार्षिक सहयोग –**

श्री बी एम दीक्षित 1,000/–, डॉ के एल कोठारी 1,000/–, श्रीमती विमला कोठारी 1,000/–, श्री पवन कोठारी 1,000/–, श्रीमती मोनिका कोठारी 1,000/–, श्री पराग कोठारी 1,000/–, श्रीमती लीना जैन 1,000/–, डॉ रेणु धाकड़ 1,000/–, इंजी.रवीन्द्र भटनागर– 1000/–डॉ. पी एम अग्रवाल 2000/–

**निर्माण कार्य –**

श्री राजेन्द्र बया 1,00,000/–, श्री मधुर बया S/o श्री राजेन्द्र बया 2,00,000/–, श्रीमान् रोशनलाल जी चित्तौड़ा 1,00,000/–

# सादर श्रद्धांजलि

● उदयपुर के सपूत विज्ञान समिति के वरिष्ठ मानद सदस्य, अन्तरराष्ट्रीय मानव विज्ञानी, कवि, लेखक **डॉ. योगश अटल** का दिनांक 13 अप्रेल 2018 को उनके निवास स्थान गुरुग्राम(गुड़गाँव) में आकस्मिक निधन हो गया। डॉ. अटल लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके दुःखद निधन पर विज्ञान समिति परिवार हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

● विज्ञान समिति के वरिष्ठ संरक्षक सदस्य एवं छात्रवृत्ति योजना के प्रभारी **प्रो. जे.एन. कविराज** की धर्मपत्नी **श्रीमती निर्मला कुँवर सोढ़ी** का निधन दिनांक 29 अप्रेल 2018 को हो गया। जे.एन. कविराज जी परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना एवं दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि उनके निवास स्थान पर विज्ञान समिति के सदस्यों द्वारा अर्पित की गई।

●विज्ञान समिति के परम हितेषी इंजी. एवं आर्किटेक्ट, उदयपुर नगर के प्रतिष्ठित नागरिक **श्रीमान बी.एल. मंत्री** का आकस्मिक निधन 26 अप्रेल 2018 को गया जो नगर की एक विशेष क्षति है। विज्ञान समिति के मेरी क्यूरी सभागार के प्लानिंग में आपके आदरणीय बक्षी सा. को सम्पूर्ण तकनीकी सहयोग प्रदान किया था। मंत्री सा. के दाह संस्कार एवं उठावने में कई सम्मिलित हुए तथा शोक पत्र परिवार को भेजा गया। दिवंगत आत्मा को हार्दिक श्रद्धांजलि।

● हमारे पूर्व सदस्य **स्व. डॉ. पी.डी. गेमावत** की धर्मपत्नी **श्रीमती सायर देवी जी** का निधन उदयपुर में उनके निवास स्थान पर 29 अप्रेल का हो गया। सादर श्रद्धांजलि।

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ





श्री प्रकाश चन्द्र जी तातेड ( 3.4.18 ) एवं श्री सुजान सिंह जी ( 14.4.18 ) के जन्मदिन मनाए।

HAPPY BIRTHDAY

**May**

| | |
|---|---|
| Sh. HL Pagaria | 03/05 |
| Dr. J.K. Doshi | 07/05 |
| Sh.Pradeep Bapna | 08/05 |
| Sh. S.N. Joshi | 11/05 |
| Dr. TC Jain | 15/05 |
| Sh. LN Sharma | 18/05 |
| Smt.Kaushlya Roongta | 20/05 |
| Dr. SS Pokharna | 24/05 |
| Sh. Nitin Kothari | 24/05 |
| Sh. BL Pokharna | 27/05 |
| Sh. Rajendra Baya | 28/05 |
| Prof.Lalit Pandey | 30/05 |

**June**

| | |
|---|---|
| Dr. N.L. Gupta | 02/06 |
| Sh. R.K. Khokhawat | 02/06 |
| Km. Pratichi Bhatnagar | 07/06 |
| Sh. Arun Kumar Agarwal | 08/06 |
| Sh. Ibrahim Ali | 12/06 |
| Sh. P.P. Jain | 10/06 |
| Sh. Moti Singh Khamesara | 12/06 |
| Sh. Javerchand Dagliya | 15/06 |
| Sh. Prakash Jain | 24/06 |
| Dr. K.L. Kothari | 30/06 |
| Sh. Madhusudan Pandya | 30/06 |

## विज्ञान समिति के मई माह के कार्यक्रम

● **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

● **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 20 मई 2018 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम विकास के लिए विश्वविद्यालय अधिकारियों से चर्चा ग्राम वासियों के साथ | शुक्रवार 25 मई | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ वरिष्ठ नागरिक परिषद एवं प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के साथ संगोष्ठी– उदयपुर शहर का विकास : संभावनाएं एंव चुनौतियां | रविवार 06 मई | प्रातः 10.30 बजे से |
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ – सामुहिक मूवी 102 नॉट आउट देखना | गुरुवार 10 मई | दोपहर 12.00 बजे से |
| ✷ राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस एवं डॉ. डी.एस. कोठारी एक्सीलेन्स अवार्ड | शुक्रवार 11 मई | सांय 06.00 बजे से |
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ | शनिवार 12 मई | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ | सोमवार 21 मई | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | बुधवार 30 मई | प्रातः 11.00 बजे से |

**विशेष कार्यक्रम**

✷ निर्माण कार्य (डॉ. डी.एस. कोठारी सभागार का नवीनीकरण)

✷ अन्य कार्यक्रम निश्चित होने पर

## अपील

● कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष पूर्ण हो रहा है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।

● निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्त सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)